Roll No. …………………..

# HD–06

## हिन्दी भाषा एवं प्रयोजनमूलक हिन्दी

Bachelor of Arts (B. A.–10) Hindi

Third Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों का चयन करना है।

### खण्ड–क

### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. राजस्थानी हिन्दी की प्रमुख बोलियों का परिचय देते हुए उनकी भाषा सम्बन्धी विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

2. हिन्दी भाषा के उद्‌भव व विकास के विभिन्न कालों को स्पष्ट कीजिए।

3. अनुवाद को परिभाषित करते हुए उसके प्रकार और महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

4. जनसंचार के विभिन्न माध्यमों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. देवनागरी लिपि के मानकीकरण पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
2. प्रयोजनमूलक हिन्दी का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
3. राष्ट्रभाषा और राजभाषा में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
4. पल्लवन का अर्थ व महत्त्व स्पष्ट कीजिए।
5. अनुस्मारक पत्र पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
6. ई-मेल का अर्थ व महत्त्व बताइये।
7. प्रिंट मीडिया का परिचय दीजिए।
8. कार्यालयी आदेश का नमूना तैयार कीजिए।

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. पूर्वी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?

2. हिन्दी को संघ की राजभाषा कब घोषित किया गया ?

सत्य/असत्य चुनिए :

3. अनुस्मारक में पूर्व में भेजे गए पत्र को यथावत दुहरा दिया जाता है। (सत्य/असत्य)

4. दूरदर्शन जनसंचार का श्रव्य माध्यम है। (सत्य/असत्य)

5. हिन्दी भाषा और नागरी लिपि के प्रचार-प्रसार में नागरी प्रचारिणी सभा का विशेष महत्त्व है। (सत्य/असत्य)

सही विकल्प चुनिए :

6. प्रयोजनमूलक हिन्दी से आशय है :
   (क) वाणिज्यिक हिन्दी
   (ख) कार्यालयी हिन्दी
   (ग) समाचार-पत्रों की हिन्दी
   (घ) सामान्य हिन्दी

7. खड़ी बोली का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया ?
   (क) लल्लू लाल
   (ख) इंशा अल्ला खाँ
   (ग) अमीर खुसरो
   (घ) सदल मिश्र

8. संचार भाषा का स्वरूप है :
   (क) मानक भाषा
   (ख) जन-सामान्य की भाषा
   (ग) क्षेत्रीय भाषा
   (घ) मिश्रित भाषा

9. ‘कविवचन सुधा’ पत्रिका का संपादन किया :

(क) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ग) बालकृष्ण भट्ट

(घ) प्रताप नारायण मिश्र

10. राजभाषा आयोग कब गठित किया गया ?

(क) सन् 1950

(ख) सन् 1959

(ग) सन् 1960

(घ) सन् 1955